# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं ड्रोन संबंधी अफवाहों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में रात्रिगश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस को कानून हाथ मे न लेने और संदिग्घ व्यक्ति/वस्तु की जानकारी होने पर अपने थानें को सूचना दे तथा अफवाहो पर ध्यान न देने के संबंध मे जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 20/21.09.2025 की रात्रि में अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा इस अभियान में बताया गया कि संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों से अपेक्षा है कि वे शांति एवं संयम बनाए रखें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस प्रशासन आश्वस्त करता है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। कानून को अपने हाथ में न ले क्योकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नम्बर डायल 112 पर साझा करें।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना शिवनगर डिडई के नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान मे थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति को वाद सं0 268/2025 से सम्बन्धित वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण---**

**1 विरेन्द्र पुत्र रामदत्त निवासी परसिया थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण----**

**01.उ0नि0 श्री संजय राय थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.आरक्षी गुड्डू यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**सराहनीय कार्य/प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

## ◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम छितौनी मे हुई मारपीट के उपरान्त इलाज के दौरान मृत्यु होने की घटना मे संलिप्त वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त 01 अदद लाठी (बास का) बरामद किया गया।

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण व अनूप कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 157/2025 धारा 191(2),115(2),352,351(3), 333, 109, 110, 105 BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गण 01.अरविन्द पाण्डेय पुत्र सुबाष चन्द पाण्डेय 02.सतीशचन्द्र पाण्डेय पुत्र हरिश्चन्द्र पाण्डेय 03.बलराम पाण्डेय पुत्र सुबाषचन्द्र पाण्डेय निवासी गण छितौनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 21.09.2025 को पेड़ारी से भुवई घाट जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक लाठी (बांस) को बरामद किया गया तथा अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।**

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-

**01.अरविन्द पाण्डेय पुत्र सुबाष चन्द पाण्डेय निवासी छितौनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.सतीशचन्द्र पाण्डेय पुत्र हरिश्चन्द्र पाण्डेय निवासी छितौनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.बलराम पाण्डेय पुत्र सुबाषचन्द्र पाण्डेय निवासी छितौनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---

**01.अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02. उ0नि0 राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.आरक्षी अरुण कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.आरक्षी विशाल गुप्ता, चन्दन सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट से संबंधित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 01 अदद कट्टा व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया ।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं कुशल पर्वेक्षण में एवं हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष भवानीगंज मय टीम द्वारा आज दिनांक 21.09.2025 को नौशाद पुत्र इबरार निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को 01 अदद कट्टा व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अल्लापुर सरयूनहर बैराज के पास से गिरफ्तार/बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 116/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.नौशाद पुत्र इबरार निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

अपराधिक इतिहास-

01.मु0अ0सं0 741/2009 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना इटवा

02.मु0अ0सं0 176/2010 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना गोल्हौरा

03.मु0अ0सं0 283/2011 धारा 109/41 सीआरपीसी थाना डुमरियागंज

04.मु0अ0सं0 568/2013 धारा 201,302 भा0द0वि0 थाना डुमरियागंज

05.मु0अ0सं0 887/2014 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना डुमरियागंज

06.मु0अ0सं0 132/2022 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना इटवा

07.मु0अ0सं0 175/22 धारा 429 भादवि व 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना डुमरियागंज

08.मु0अ0सं0 181/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना डुमरियागंज

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

3.आ0 रामबीर, रोशन राय, शुभम शर्मा, अजय यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

**प्रेस नोट- दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी तथा नेपाल राष्ट्र में आंदोलन/हिंसा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी व PAC मय टीम के साथ शोहरतगढ़ बाजार मे पैदल गश्त/रुट मार्च किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 21.09.2025 को क्षेत्राधिकारी व PAC मय टीम के साथ आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी तथा नेपाल राष्ट्र में आंदोलन/हिंसा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शोहरतगढ़ बाजार मे पैदल गश्त/रुट मार्च किया गया तथा आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा व दशहरा/विजयदशमी के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा उपजिलाधिकारी बांसी के साथ थाना शिवनगर डिड़ई पर थानाक्षेत्र शिवनगर डिड़ई के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा उपजिलाधिकारी बांसी के साथ आज दिनांक 21.09.2025 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा व दशहरा/विजयदशमी के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम/मुहल्लों के दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों/सदस्यों, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों को त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई व थाना के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

# प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन , पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में रामदेव थानाध्यक्ष थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में दिनांक 18.09.2025 को मु0अ0सं0 145/2025 धारा 64(2)m/87/172(2) बीएनएस व 5ठ/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त नूरुल हसन पुत्र मुस्तकीम निवासी छगड़िहवा टोला बेलभरिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को विवेचक उ0नि0 राजकुमार मय हमराह टीम द्वारा बिछली घाट रोड थाना गार्डेन रिच कोलकाता राज्य पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पश्चिम बंगाल में प्रस्तुत कर न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आज दिनांक 21-09-2025 को मा0 माननीय न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त किया गया।**

**नाम पता अभियुक्त-**

**01-नूरुल हसन पुत्र मुस्तकीम निवासी छगड़िहवा टोला बेलभरिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 राजकुमार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.हे0का0 रवि कुमार यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज के थानक्षेत्रों में पटाखा की दुकानों में रखें पटाखा के भण्डारण एवं विस्फोटक क्षमता की जॉच की गयी।**

**◆ सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज के थानक्षेत्रों में पटाखा की दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों से दुकानों में रखें पटाखा के भण्डारण एवं विस्फोटक क्षमता की जॉच की गयी तथा पटाखों की दुकानों में आग बुझाने के उपकरण, रेत, पानी, अग्निशमन यंत्र इत्यादि चेक किया गया दुकानदारों को सुरक्षा हेतु आवश्यक हिदायत किया, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने से रोका जा सके। सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर***

◆ **क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी मय फोर्स के साथ मोहल्ला गांधीनगर, ईशानगर, निरालनगर, अंबेडकरनगर , देवियापुर में दुर्गा प्रतिमा पंडाल का किया गया भ्रमण तथा विसर्जन मार्ग का किया गया निरीक्षण ।**

◆ **सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आज दिनांक 21.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी मय फोर्स के साथ मोहल्ला गांधीनगर, ईशानगर, निरालानगर, नरकटहा ,अंबेडकरनगर, देवियापुर में दुर्गा प्रतिमा पंडाल और प्रतिमा विसर्जन रूट (शीतला माता मंदिर देवियापुर से प्रारंभ होकर, ईमाम बाड़ा मस्जिद गांधीनगर के रास्ते, पानी टंकी मोड़ निरालनगर से होकर, शिवमन्दिर निरालनगर होकर हरी मस्जिद निरालनगर से राप्ती नदी पुल तक) का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा साथ ही साथ क्षेत्राधिकारी बांसी के साथ मय फोर्स के फ्लैग मार्च किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा व दशहरा/विजयदशमी के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना शोहरतगढ़ पर थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी द्वारा आज दिनांक 21.09.2025 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा व दशहरा/विजयदशमी के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम/मुहल्लों के दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों/सदस्यों, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों को त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ व थाना के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**